आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. आज अण्डमान दिवस है।

2. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा।

3. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

4. भारत ने आईसीसी चैम्पियन ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया है।

<><><><><><><>

आज अण्डमान दिवस है। इस अवसर पर चाथम मेमोरियल में अट्ठारह सौ सत्तावन के स्वतंत्रता सेनानियों के पहले जत्थे के आगमन की याद में आज सुबह आठ बजे एक समारोह आयोजित किया जाएगा। द्वीपसमूह के उपराज्पाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, एडमिरल डी.के. जोशी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। आम जनता को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस दिन अट्ठारह सौ अट्ठावन में अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति में शामिल दो सौ क्रांतिकारियों को यहां लाया गया था। द्वीपों के जाने–माने इतिहासकार डॉक्टर प्रणब सरकार ने कहा कि यह दिवस द्वीपों के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है।

<><><><><><><>

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा जो चार अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान बीस बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मणिपुर का बजट पेश करेंगी। पिछले महीने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। सत्र के दौरान वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा।

<><><><><><><>

डाक विभाग की ओर से युवाओं के लिए यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता चौबीस मार्च को श्री विजयापुरम केंद्र में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय होगा "कल्पना करें कि आप महासागर हैं। किसी को पत्र लिखकर यह समझाएं कि उन्हें आपकी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करनी चाहिए।" इस प्रतियोगिता में नौ से पन्द्रह आयु वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। पत्र अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा किसी भी क्षेत्रीय भाषा में लिखा जा सकता है। सर्किल स्तर पर विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में पच्चीस हजार, दस हजार और पांच हजार रूपए के साथ

प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को पचास हजार, पच्चीस और दस हजार रूपए और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों से डाकघर उप–अधीक्षक कार्यालय श्री विजयापुरम में पन्द्रह मार्च तक आवेदन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबिक्स टीम बारह और तेरह मार्च को मरीना पार्क में हवाई करतब का आयोजन करेगा। यह आयोजन दोपहर बाद साढ़े तीन बजे शुरू होगा, जिसमें पायलटों द्वारा आसमान में लूप्स, रोल्स और शानदार फारमेशन बनाए जाएंगे। यह कार्यक्रम निःशुल्क है और सभी के लिए खुला रहेगा। लोगों से अपील की गई है कि वे क्षेत्र को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त रखें, ताकि फ्लाइंग टीम का प्रदर्शन बिना किसी बाधा के हो सके।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी के लिए स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। श्री नड्डा ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान के अड़तालिसवें वार्षिक समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण गतिविधियों के संचालन में अग्रणी है।

<><><><><><><>

भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी रिकॉर्ड तीसरी बार जीत कर इतिहास रच दिया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जैसे ही रवींद्र जडेजा ने विजयी चौका लगाया भारतीय दर्शक खुशी से झूम उठे। भारतीय पारी के अंत में के एल राहुल चौंतीस रन और रविन्द्र जडेजा नौ रन पर नाबाद रहे। भारत ने इससे पहले दो हजार दो और दो हजार तेरह में चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। दो सौ बावन रन का लक्ष्य भारतीय टीम ने उनतालिस ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने विजय चौका लगाया। भारत ने बल्लेबाजी की शुरूआत दमदार की थी लेकिन न्यूजीलैंड ने भी काफी सधी गेंदबाजी की। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया जबकि न्यूजीलैंड के रचिन रविन्द्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। इस टूर्नामेंट का उददेश्य खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में एसवाईए और शिक्षा

निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कर्मचारी भाग लेंगे। खेल के प्रति अपने कौशल और उत्साह का प्रदर्शन करने के लिए पुरूष और महिला श्रेणियों में मैच आयोजित किए जाएंगे। मैच पन्द्रह और सोलह मार्च को शाम चार बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक नेताजी स्टेडियम में खेले जाएंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि चौदह मार्च है। अधिक जानकारी के लिए बैडमिंटन कोच उदय कुमार से फोन नम्बर नौ चार सात चार दो नौ पांच शून्य दो पांच पर सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार निकोबार के आईसीडीएस विभाग ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवी वर्षगांठ मनाई, जिसमें राष्ट्र निर्माण और प्रगति में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत साइकिल रैली के साथ हुई, जिसे निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं में खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ाने के लिए बीजेआर स्टेडियम में डीसी कप टी–टेन महिला कप टूर्नामेंट आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाजी के साथ महिला उपलब्धि हासिल करने वालों और राष्ट्रीय साइकिल चैम्पियन दो हजार चौबीस को सम्मानित करने के लिए एक समारोह भी आयोजित किया गया। इसके अलावा भी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मध्योत्तर अण्डमान में नवजात शिशुओं के लिए स्क्रीनिंग और श्रवण जांच शिविर ग्यारह मार्च तक चलेगा। इस दौरान ईएनटी विशेषज्ञ, ऑडियोलॉजिस्ट और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी शिशुओं की जांच करेंगे।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

भारत के न्यूजीलैंड को चार विकटों से हराकर तीसरी बार आई सी सी चैम्पियन्स ट्रॉफी पर जीत दर्ज करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। इसके अलावा अखबार ने दक्षिण, उत्तर व मध्य अण्डमान जिलों में पोल्ट्री और डेयरी फार्मिंग पर कौशल विकास प्रशिक्षण देने तथा कार्यक्रम में पशुक्षुओं को उद्यमशील उपक्रमों के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के खबर को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। क्यारी द्वारा मसालों, सुपारी और औषधीय पौधों के क्षेत्र में द्वीपों के युवाओं और महिलाओं के लिए उद्यमिता के अवसर विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी के समापन के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपने

पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी के पहले पन्ने में जगह मिली है। महिला दिवस के अवसर पर मध्योत्तर अण्डमान जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं को सम्मानित करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया तथा इंफो इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**